# शमशाबाद हुआ सूर्य नगर

## मुख्यमंत्री यादव ने पहली फिंगरप्रिंट लैब का किया शुभारंभ

### 163 करोड़ के विकास की सौगात

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 7 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को विदिशा जिले के शमशाबाद में 163.62 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी. इस दौरान उन्होंने जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगरप्रिंट लैब का भी शुभारंभ किया.**

इससे पहले मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शमशाबाद पहुंचे. उनके स्वागत में एक रोड शो निकाला गया, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा भी रथ पर सवार रहे. रोड शो के दौरान लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया. इसके बाद मुख्यमंत्री पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया. सिरोंज विधानसभा में 37.36 करोड़ के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 10.02 करोड़ के 5 कार्यों का लोकार्पण हुआ. कुरवाई विधानसभा में 1.19 करोड़ के 7 कार्यों का भूमिपूजन और 44.18 करोड़ के 16 कार्यों का लोकार्पण किया गया. इसी तरह विदिशा विधानसभा में 8.96 करोड़ के 8 कार्यों का भूमिपूजन और 3.14 करोड़ के 9 कार्यों का लोकार्पण हुआ, जबकि गंजबासौदा विधानसभा में 3.53 करोड़ के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 1.29 करोड़ के 4 कार्यों का लोकार्पण किया.

सीएम को सुनने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे थे. मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही हैं और सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. सभा में मुख्यमंत्री ने शमशाबाद के विकास के लिए नगर परिषद को 3 करोड़ रुपए देने की घोषणा की. इसके साथ ही नवीन सब-स्टेशन बनाने, संजय सागर बांध और सगड़ बांध से सिंचाई परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की.




**कई सालों की मांग हुई पूरी**

मुख्यमंत्री ने शमशाबाद का नाम बदलकर सूर्य नगर करने की घोषणा की. शमशाबाद को सूर्य नगर बनाने के लिए विधायक सूर्य प्रकाश मीणा और वहां के नागरिक कई सालों से मांग कर थे.

**नए सब-स्टेशन बनाने की घोषणा**

सभा में मुख्यमंत्री ने शमशाबाद के विकास के लिए नगर परिषद को 3 करोड़ रुपए देने की घोषणा की. इसके साथ ही नवीन सब-स्टेशन बनाने, संजय सागर बांध और सगड़ बांध से सिंचाई परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की. मुख्यमंत्री ने शमशाबाद का नाम बदलकर सूर्य नगर करने की घोषणा की.

## खंडवा की अंजनी मिश्रा पहले ही प्रयास में बनी आईएएस

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा, 7 मार्च. संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में खंडवा की बेटियों ने शानदार सफलता हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है.**

रूपल जायसवाल के साथ ही जवाहरगंज निवासी 25 वर्षीय अंजनी मिश्रा ने भी पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर 274वीं रैंक प्राप्त की है. अंजनी मिश्रा, लोकायुक्त पुलिस भोपाल में पदस्थ अजय मिश्रा की पुत्री हैं. वे वर्तमान में मुंबई की एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं.



यूपीएससी की तैयारी के लिए उन्होंने नौकरी से अवकाश लिया और अपने पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल की. अंजनी पूर्व विधायक स्वर्गीय गंगाचरण मिश्रा के परिवार से संबंध रखती हैं.

## साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने पर चार आरोपियों को भेजा जेल

खंडवा, 7 मार्च. सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और नफरत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ खंडवा पुलिस ने सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है.

जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक शांति को चुनौती देने वालों के लिए अब जेल ही एकमात्र स्थान है. इसी क्रम में पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले चार उपद्रवियों को चिन्हित कर सीधे सलाखों के पीछे भेज दिया है. यह कदम उन प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन के बाद उठाया गया है, जिनमें सोशल मीडिया कंटेंट पर कड़ी निगरानी और पाबंदी की बात कही गई थी. इसके बावजूद कुछ लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स का दुरुपयोग कर एक-दूसरे के धर्म के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां और भड़काऊ स्टेटस साझा कर रहे थे.








एक्स-शोरूम कीमत ₹71,232~

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Pleasure+LX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/01/26